[This question paper contains 6 printed pages.]

**8118** *Your Roll No.* ............

**B. El. Ed.** **AS**

Paper – P – 3.3

# PEDAGOGY OF ENVIRONMENTAL STUDIES

*Time : 2 Hours* *Maximum Marks : 35*

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note :– Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

टिप्पणी :– इस प्रश्नपत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

*Attempt* **Four** *questions in all.*
*Q. No.* **1** *is compulsory.*

कुल चार प्रश्न कीजिए। प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य है।

1. Environmental studies at primary level draws from an integrated perspective of science, social science and environment education. In this light plan for the theme *seed* for class V children and answer the following :

   (i) Develop a thematic web chart. (2)

   (ii) Write any two objectives/rationales of the plan. (2)

(iii) Design and describe an activity or a task related to any one of the above objectives. Also describe the assessment criteria you will use for this activity/task. (4)

प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और पर्यावरण शिक्षा के समाकलित परिप्रेक्ष्य से ग्रहण करता है। इसके प्रकाश में कक्षा पाँचवीं के छात्रों के लिए 'बीज' प्रकरण के लिए योजना बनाइए और निम्नलिखित के उत्तर दीजिए :

(i) कथ्यपरक वेब चार्ट बनाइए।

(ii) योजना के कोई दो उद्देश्य/तर्काधार लिखिए।

(iii) उपर्युक्त उद्देश्यों में से किसी एक से संबंधित क्रिया अथवा कार्य का प्रारूप बनाइए और उसका वर्णन कीजिए। इस क्रिया/कार्य के लिए आपके द्वारा प्रयुक्त की जाने वाली मूल्यांकन कसौटियों का वर्णन भी कीजिए।

2. Class V children contested an election for the position of the class monitor, through a secret ballot. The teacher commented that we choose our representatives in the 'Lok Sabha' in this way and the majority party forms the government. Now answer the following :

(i) How will you convince the teacher that the concept of 'government' is too abstract for children to understand at the primary level? What other concepts are required for a child of class V to understand this concept? (3)

(ii) Suggest an activity which can be used to elicit children's ideas on the concept of 'government'. (3)

(iii) Why do you think that understanding of 'children's ideas' is important for a teacher? Explain with examples. (3)

कक्षा पाँच के बच्चों ने गुप्त मतदान द्वारा कक्षा मॉनीटर के पद के लिए चुनाव लड़ा। शिक्षिका ने टिप्पणी की कि हम 'लोकसभा' में अपने प्रतिनिधियों का चुनाव इसी प्रकार करते हैं और बहुमत वाला दल सरकार बनाता है। अब निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

(i) आप शिक्षिका को यह बात किस प्रकार मनवाएँगे कि 'सरकार' की संकल्पना प्राथमिक स्तर पर बच्चों के समझने के लिए बहुत अमूर्त है। इस संकल्पना को समझने के लिए कक्षा 5 के बच्चे के लिए अन्य कौन-सी संकल्पनाएँ अपेक्षित हैं ?

(ii) एक ऐसी क्रिया सुझाइए जिसका उपयोग सरकार की संकल्पना के संबंध में बच्चों के विचारों को निकलवाने के लिए किया जा सकता है।

(iii) आपके विचार में शिक्षिका के लिए बच्चों के विचारों को समझना क्यों महत्त्वपूर्ण है ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

3. (a) On the theme *water*, a teacher of class IV got children to conduct the following tasks in two groups :

*Group 1* : Collected data about the river flow at different times of the year.

*Group 2* : Visited a pond and observed and recorded different kinds of animals and plants in the pond.

(i) Explain in detail, what aspects of children's learning is assessed by these group tasks. (3)

(ii) Suggest another task on the above mentioned theme. (2)

(b) Suggest ways in which specimen-collection **or** newspapers can be used as a learning resource in the EVS classroom. (4)

(क) 'जल' प्रकरण पर कक्षा चौथी की शिक्षिका ने बच्चों से दो समूहों में निम्नलिखित कार्य करवाए :

*समूह 1* : वर्ष के विभिन्न समयों पर नदी के प्रवाह के विषय में दत्तसामग्री संकलन किया।

*समूह 2* : एक तालाब पर गए और उसमें विभिन्न प्रकार के जंतुओं और पौधों का प्रेक्षण और अभिलेखन किया।

(i) विस्तार से स्पष्ट कीजिए कि इन समूह कार्यों से बच्चों के अधिगम के किन पक्षों का मूल्यांकन हुआ ?

(ii) उपर्युक्त प्रकरण पर कोई अन्य कार्य सुझाइए।

(ख) पर्यावरण अध्ययन की कक्षा में अधिगम संसाधन के तौर पर नमूना संकलन अथवा समाचारपत्रों के प्रयोग किए जा सकने के तरीके सुझाइए।

4. (a) The following task is suggested in one of the class V textbooks on the theme *travel* :

| |
|---|
| Imagine that a company has given you a chance to design a new vehicle. What kind of vehicle would you design ? Write about it. |

In such questions is it possible to have only 'one right' response ? Think of some expected answers that could be given by children and explain. What aspects of children's learning can be assessed by this task ? (4)

(b) Suggest two activities for the development of the skill of inquiry among Class III children. (5)

(क) 'यात्रा' प्रकरण पर पाँचवी कक्षा की एक पाठ्यपुस्तक में निम्नलिखित कार्य सुझाया गया है :

| |
|---|
| कल्पना कीजिए कि आपको कंपनी ने एक नये वाहन का डिज़ाइन तैयार करने का अवसर दिया है। आप किस तरह के वाहन का डिज़ाइन बनाएँगे ? उसके बारे में लिखिए। |

ऐसे प्रश्नों में क्या केवल 'एक सही' उत्तर होना संभव है ? बच्चों द्वारा दिए जा सकने वाले कुछ अपेक्षित उत्तर सोचिए और स्पष्ट कीजिए कि इस कार्य द्वारा बच्चों के अधिगम के किन पक्षों का मूल्यांकन किया जा सकता है ?

(ख) तीसरी कक्षा के बच्चों में 'जाँच' के कौशल के विकास के लिए दो क्रियाएँ सुझाइए।

5. A teacher of Class IV planned a trip to 'the Red Fort'. She provided with some reading material about the fort describing how old the fort was; what it was made of and who lived there.

(i) Suggest some leading questions/activities she could ask to make them relate what they may have read with actual observations at 'the Red Fort'. (3)

(ii) Give examples of two activities that can be conducted to develop children's mapping skill using this trip. (3)

(iii) Explain how 'oral history as a pedagogic tool' can be used in this activity. (3)

कक्षा चौथी की शिक्षिका ने 'लाल किला' भ्रमण की योजना बनाई। उसने किले के बारे में कुछ पठन सामग्री प्रदान की जिसमें वर्णन था कि किला कितना पुराना था, वह किससे बना था और उसमें कौन रहता था।

(i) कुछ संकेतक प्रश्न/क्रियाएँ सुझाइए जिन्हें पूछकर/करवाकर वह उनके द्वारा पढ़ी गई सामग्री और 'लाल किले' में उनके वास्तविक प्रेक्षणों में संबंध स्थापित करने के लिए कह सकती है।

(ii) ऐसी दो क्रियाओं के उदाहरण दीजिए जिनका उपयोग बच्चों के मानचित्रण कौशल का विकास करने के लिए संचालित किया जा सकता है।

(iii) स्पष्ट कीजिए कि शिक्षाशास्त्रीय उपकरण के तौर पर 'मौखिक इतिहास' का उपयोग इस क्रिया के लिए किस प्रकार किया जा सकता है ?

(100)****